## ➢ चौकी इंचार्ज जिवाई उ0नि0 श्री संजीव कुमार द्वारा सराहनीय कार्यः–

1. दिनांक 28.02.2017 को थाना डिडौली के पास जिवाई चौकी के क्षेत्र के अन्तर्गत सी0एल0 गुप्ता के सामने एक सैन्ट्रो गाडी व टैम्पों में टक्कर लगने के बाद टैम्पों एक 10 फीट गहरे फैक्ट्री के गन्दे नाले में गिर गया, इसी सूचना पर चौकी इंचार्ज श्री संजीव कुमार घटनास्थाल पर पहॅुचे और टैम्पों की सवारियों की हालत देख वर्दी उतार कर कीचड से भरे नाले में कूद पडे और एक घंटे की मशक्कत कर सवारियों को बाहार निकालकर सही समय पर घायलों को टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया जिससे घायल व्यक्तियों की जान बचाई गयी। इस सराहनीय कार्य के लिए आज दिनांक 01.03.2017 को चौकी इंचार्ज उ0नि0 श्री संजीव कुमार को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

टेंपो पलटकर नाले में जा गिरा, घायलों को बचाने पुलिसकर्मी वर्दी उतारकर कीचड़ के बीच उतरा, उनके काम को देखकर हर किसी ने की सराहना

# हाईवे पर कार की टक्कर से सवारियों से भरा टैंपो पलटा

**कार्रवाई**

जोया | हिन्दुस्तान संवाद

हाईवे पर कार की टक्कर से सवारियों से भरा टेंपो पलट गया। जिसमें दंपति समेत चार सवारियां घायल हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग गया।

मंगलवार की अपराह्न 11 बजे सवारियां से भरा एक टेंपो जोया से पाकबड़ा जा रहा था। जब वह हाईवे पर गांव चौधरपुर के समीप पहुंचा, तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे बेकाबू हुआ टैंपों कीचड़ में पलट गया और सवारियां बाहर आकर गिर गई। जिसमें प्रभु, उसकी पत्नी रोशन निवासी हुसैनपुर थाना देहात, नूतन निवासी भवालपुर और एक बाइक सवार मोहम्मद सलीम निवासी सहसपुर अलीनगर घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

**स्कूटी फिसलने से चालक घायल**

**गजरौला।** हाईवे पर स्कूटी फिसलने से चालक गंभीर घायल हो गया। उपचार के बाद उसे सीएचसी से छुट्टी दे दी गई। मुरादाबाद के ग्राम सुल्तानपुर फलैदा निवासी दिनेश (28) पुत्र श्योराज दिल्ली में नौकरी करता है। वह स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली से घर लौट रहा था। हाईवे पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास उसकी स्कूटी फिसल गई और वह सड़क पर दूर जाकर गिर पड़ा। सड़क पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**बाइकों की टक्कर में दो घायलः**

**गजरौला।** हाईवे पर बाइकों की आमने सामने टक्कर से दो युवक गंभीर घायल हो गए। रामपुर जिले के ग्राम सावर निवासी मो. शाह पुत्र हाफिज अहमद व शहजाद पुत्र सगीर अहमद बाइक पर सवार होकर गजरौला आ रहे थे। हाईवे पर रजबपुर के पास बाइकों की भिडंत में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



मंगलवार को पाकबाड़ा जाते समय टैंपो पलटने के बाद नाले में गिरे लोगों की तलाश करते चौकी इंचार्ज।



• हिन्दुस्तान

## घायलों की तलाश में स्वयं नाले में उतरे चौकी इंचार्ज

जोया | निज संवाददाता

भले ही आधुनिकता के युग में अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की भागदौड़ में लोग मानवता को भूल चुके हैं। मगर आज भी ऐसे लोग हैं, जिनके दिलों में मानवता हुंकारें मारती है। ऐसी ही एक मिसाल जनपद में तैनात दरोगा ने पेश की। जो घायलों को बचाने के लिए कीचड़ से भरे नाले में कूद पड़े और इसमें

> जब उन्हें घायलों के नाले में गिरने की जानकारी मिली, तो वह खुद को रोक नहीं पाए और जान बचाने के लिए नाले में उतर गए। संतुष्ट होने पर कि नाले में कोई घायल नहीं गिरा, इसके बाद बाहर आए।
>
> **संजीव कुमार**, चौकी इंचार्ज जिवाई

तनिक भी गुरेज नहीं किया। वर्दीधारी के इस काम को लेकर हर किसी ने सराहना की। दरअसल, मंगलवार को हाईवे पर गांव चौधरपुर के नजदीक कार की टक्कर से सवारियों से भरा टेंपो कीचड़ में पलट गया था। जिसमें चार सवारियां घायल हो गई थी।

जानकारी मिले कोतवाली पुलिस व चौकी इंचार्ज जिवाई संजीव कुमार मौके पर पहुंच गए थे। जिन्होंने कीचड़ में गिरे घायलों को उठाकर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच किसी ने टेंपो में सवार कुछ सवारियों के कीचड़ भरे नाले में गिरने की आशंका जताई। इस पर दरोगा संजीव कुमार के दिल में हिलोरे मार रही मानवता बाहर निकलकर आई और वह बिना कुछ सोचे समझे वर्दी उतारकर नाले में कूद गए।

डंडे के सहारे नाले में घायलों की तलाश की। करीब पंद्रह मिनट तक तलाशने के बाद जब कुछ नहीं मिला और मन संतुष्ट हो गया, तब जाकर वह बाहर निकले।

### नर्सिंग होम में भर्ती करने पर घायल ने किया हंगामा

**गजरौला।** बाइकों की टक्कर में घायल मरीज ने जबरन नर्सिंग होम में भर्ती कराए जाने पर हंगामा कर दिया। रजबपुर में बाइकों की टक्कर में दोनो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अमरोहा के लिए रेफर किया गया।

दोनों मरीजों के रेफर होने पर सीएचसी में खड़ी एक निजी एंबूलेंस के चालक ने एक मरीज को जबरन बैठाकर नजदीक के ही एक नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। जिस पर घायल ने हंगामा कर दिया। उसने सीएचसी या जिला अस्पताल में भर्ती कराने की मांग की। काफी देर हंगामे के बाद एंबूलेंस चालक उसे वापस ले आया और अमरोहा जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गौरतलब है कि नगर के नर्सिंग होम संचालक अपनी एंबूलेंस के जरिए सीएचसी से जिला अस्पताल को रेफर होने वाले मरीजों को जबरन अपने नर्सिंग होम में भर्ती करते हैं और इलाज के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठते हैं।

---

जिंदगी बचाने वाले जीवाई चौकी इंचार्ज को किया सम्मानित

# आला अफसरों ने पीठ थपथपाई जीवाई के 'सिंघम' की

## डीजीपी के निर्देश पर सम्मान, मंगलवार को हादसे के बाद लोगों को बचाने कूद पड़ थे गंदे नाले में

अमर उजाला ब्यूरो

अमरोहा।

अपनी जान की परवाह न कर गंदे और केमिकल युक्त पानी में कूदकर घायलों को निकालने वाले डिडौली कोतवाली के जीवाई चौकी इंचार्ज संजीव कुमार के कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है। डीजीपी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ने चौकी इंचार्ज को सम्मानित किया। कप्तान ने चौकी इंचार्ज का नाम सराहनीय सेवा पुरस्कार के लिए आला अफसरों को भेजा।

मंगलवार की सुबह डिडौली कोतवाली के जीवाई चौकी क्षेत्र में हाईवे किनारे सेंट्रो की टक्कर से टैंपो पलट कर दस फिट गहरे नाले में जा गिरा था। टैंपो सवार छात्रा और दंपति घायल हो गए थे। घायल नाले में पड़े थे। घायलों की डूब कर जान जा सकती थी। सूचना पाकर जीवाई चौकी इंचार्ज संजीव कुमार पुलिस साथ लेकर मौके पर पहुंचे।

घायलों को बचाने के लिए पल की देर लगाए बिना चौकी इंचार्ज

### एसपी ने इंचार्ज संजीव कुमार का नाम सराहनीय सेवा पुरस्कार के लिए भेजा

ने कपड़े उतार कर गंदे और केमिकल युक्त पानी के नाले में छलांग लगा दी थी। आधे घंटे की मशक्कत के बाद घायलों को नाले से बाहर निकाला था।

चौकी इंचार्ज के साहसिक और सराहनीय कार्य की जानकारी बुधवार की सुबह प्रदेश के पुलिस महानिदेशक सैयद जावीद अहमद को मिली तो वह गदगद हो गए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डा. शिवा शिंपी चनप्पा को निर्देश दिए कि चौकी इंचार्ज को अपने कार्यालय बुलाकर सम्मानित करें। सराहनीय कार्य पुरस्कार के लिए चौकी इंचार्ज का नाम भेजें। डीजीपी के निर्देश मिलते ही एसपी ने चौकी इंचार्ज संजीव कुमार को अपने कार्यालय बुलाया। एसपी ने कार्य की सराहना करते हुए चौकी इंचार्ज को सम्मानित किया। सराहनीय कार्य पुरस्कार के लिए चौकी इंचार्ज का नाम आला अफसरों को भेजा।



अमरोहा पुलिस आफिस में जिवाई चौकी इंचार्ज से हाथ मिलाकर हौसला अफजाई करते एसपी। अमर उजाला

# सोशल मीडिया पर पुलिस के हीरो बने दरोगा संजीव

इनसे सीखें

अमरोहा | निज संवाददाता

किसी ने हैटऑफ, तो किसी ने ग्रेट और सेल्यू सरीखी टिप्पणी करके चौकी इंचार्ज जिवाई संजीव कुमार के कार्य की सराहना की। घायलों को बचाने के लिए कैमिकलयुक्त कीचड़ भरे नाले में कूदने वाले दरोगा अब पुलिस विभाग के हीरो बन गए हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने जनपद का नाम रोशन कर दिया है। फेसबुक से लेकर ट्वीटर पर उनके काम को खूब सराहना मिल रही है और यूजर्स अपने मन की बात शब्दों के जरिए बयान कर रहे हैं।

मंगलवार की सुबह हाईवे पर गांव चौधरपुर के नजदीक कार की टक्कर से सवारियों से भरा टेंपो कीचड़ में पलट गया था। जिसमें सवार कुछ सवारियां कीचड़ में गिरकर घायल हो गई थीं। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज जिवाई संजीव कुमार व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। किसी ने नाले में छह वर्षीय बच्ची व अन्य घायलों के गिरने की आशंका जताई थी। इतना सुनते ही चौकी इंचार्ज जिवाई बिना देर किए कपड़े उतारकर नाले में उतर गए थे और घायलों की तलाश की थी। करीब आधा घंटे तक नाले में ढूंढ़ने के बाद जब कोई घायल नहीं मिला और सभी के सकुशल होने की जानकारी मिली, तब जाकर चौकी इंचार्ज बाहर निकले थे। उनके इस सराहनीय काम पर एसपी ने सम्मानित करके सराहनीय सेवा पुरस्कार के लिए नाम भेज दिया है। इसके साथ ही चौकी इंचार्ज पुलिस विभाग के हीरो बन गए। सोशल मीडिया पर उनके काम की खूब तारीफ हो रही है। ट्वीटर की बात करें, तो अब तक करीब 1500 लाइक के साथ 252 यूजर्स अपने प्रोफाइल पर रिट्वीट कर चुके हैं।



**कार्य की सराहना**

- चौकी इंचार्ज जिवाई को ट्विटर पर खूब मिल रही सराहना
- घायलों को बचाने को कीचड़ भरे नाले में कूदने का मामला



सड़क हादसे के बाद लोगों को बचाने के लिए नाले में कूदे जिवाई चौकी इंचार्ज।

# एसपी ने सराहा, ऐसे ही काम करें दरोगा



बुधवार को एसपी कार्यालय में नाले में कूदकर छात्राओं को जान बचाने वाले दरोगा को शाबासी देते पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवाशिम्पी चनप्पा। • हिन्दुस्तान

अमरोहा | निज संवाददाता

पुलिस जिवाई के इंचार्ज द्वारा घायलों को बचाने को कीचड़ भरे नाले में कूदकर मानवीयता का परिचय देने पर एसपी ने उनके कार्य की सराहना की और अन्य दरोगाओं से इसी प्रकार अपने काम को अंजाम देने का संदेश दिया।

बता दें कि मंगलवार को हाईवे पर गांव चौधरपुर में कार की टक्कर से सवारियों से भरा टेंपो कीचड़ में पलट गया था। जिसमें सवार लोग कीचड़ में गिरकर घायल हो गए थे। जिन्हें बाहर निकालने के लिए चौकी इंचार्ज जिवाई संजीव कुमार नाले में उतर गए थे और घायलों को बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। ऐसा करते हुए उन्होंने यह भी संकोच नहीं किया था कि नाला कैमिकलयुक्त कीचड़ से लदा है। उनके इस कार्य की हर किसी की तरीफ की थी।

बुधवार को अखबारों की सुर्खियां बनने के बाद एसपी डॉ. शिवाशिम्पी चनप्पा ने भी चौकी इंचार्ज के कार्य की सराहना की और दफ्तर बुलाकर सम्मानित किया। अन्य पुलिस कर्मियों से भी इसी प्रकार सेवा की भावना रखकर काम करने का संदेश दिया। वहीं, साथी स्टाफ ने भी चौकी इंचार्ज के कार्य की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।